
# पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ प्रदान कर ही विकसित भारत का होगा संकल्प पूरा : मंगुभाई

## मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने वनांचल ग्राम परसिली में जनजातीय समुदाय से किया संवाद







**नवभारत न्यूज**

**सीधी 26 फरवरी। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि पात्र व्यक्तियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाकर ही विकसित भारत का संकल्प पूरा होगा। उन्होंने अधिकारियों, कर्मचारियों से कहा कि गरीब वर्ग के व्यक्ति को प्राथमिकता से योजनाओं का लाभ दिलाये और उन्हें मुख्य धारा से जोड़े। राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि स्वसहायता समूह ने महिलाओं को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया है अब महिलाएं निर्भीक होकर अपनी बात सबके सामने रख रही है और अपने परिवार को आगे बढ़ाने में अपनी भूमिका का निर्वहन भी कर रही है।**

राज्यपाल ने सीधी जिले के मझौली जनपद अंतर्गत वनांचल ग्राम परसिली में जनजातीय समुदाय से संवाद किया। परसिली के स्कूल प्रांगण में आयोजित संवाद कार्यक्रम में राज्यपाल ने कहा कि स्वसहायता समूह से जुड़ने के बाद महिलाओं की आर्थिक स्थिति सुधरी है। वह विभिन्न व्यवसाय से लखपति बनी है और मंच से निडर होकर अपनी अनुभव साझा कर रही हैं। राज्यपाल ने अन्य महिलाओं को भी समूह से जुड़ने का आवाहन किया और अधिकारियों से अपेक्षा की की गरीब महिलाओं को अधिक से अधिक समूह से जोड़ें। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा जनकल्याणकारी अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं विभागीय अधिकारियों का दायित्व है कि पात्र व्यक्ति को उनका लाभ मिले। गरीब व जरूरतमंद को लाभ दिलाने से उनका आशीर्वाद मिलेगा। अपने लिए तो सब जीते हैं दूसरों के लिए भी जिये तो जीवन सार्थक हो जायेगा।

राज्यपाल ने कहा कि जनजातीय वर्ग के लिए धरती आबा ग्राम उत्कर्ष अभियान संचालित किया जा रहा है जिसमें केन्द्र सरकार द्वारा 80 हजार करोड रुपए का प्रावधान किया गया है। इस योजना से 18 विभागों की शासन योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय को मिलेगा। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना में 24 हजार करोड़ से 9 विभागों द्वारा जनजातीय वर्ग को लाभ मिलेगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के संकल्प से ही गरीब लोगों को पक्के मकान, हर घर में शुद्ध पेयजल तथा आयुष्मान योजना से 5 लाख रुपए तक का नि:शुल्क इलाज मिल रहा है। देश में एक करोड़ ड्रोन दीदी अपना कार्य कर रही हैं आने वाले समय में दो करोड़ ड्रोन दीदी भी तैयार हो जायेगी। सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए जांच व दवाई देने का कार्य प्राथमिकता से किया जा रहा है। उन्होंने इस रोग से पीड़ित मरीजो से अपेक्षा की की नियमित दवाई का सेवन करें व खान-पान का ध्यान दें। राज्यपाल ने कहा कि यह मेरा यहां दूसरा दौरा है मेरा प्रयास है कि मैं प्रदेश के सभी जिलों के दूरस्थ आंचल में जाऊं तथा लोगों से मिलूं व उनके साथ संवाद करूं।

इससे पूर्व कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल का जनजातीय परंपरागत नृत्य से स्वागत किया गया। राज्यपाल ने कन्या पूजन तथा मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन किया। राज्यपाल को परंपरागत जनजातीय कैप के पहनाई गई। उन्हें जिला प्रशासन द्वारा प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, डीएफओ प्रीती अहिरवार, सीईओ जिला पंचायत शैलेंद्र सिंह सोलंकी, अपर कलेक्टर बी.पी.पाण्डेय, जनपद अध्यक्ष मझौली सुनैना सिंह, जिपं सदस्य पूजा सिंह कुसराम, सुमन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान, सरपंच सुचिता सिंह सहित जनप्रतिनिधि स्वसहायता समूह की महिलाएं सदस्य एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### राज्यपाल के आगमन से उत्साह का माहौल : डॉ.राजेश

कार्यक्रम में सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि वनांचल में राज्यपाल जी के आगमन से उत्साह का माहौल है राज्यपाल जी गुजरात से अपने कार्यकाल से ही सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए प्रयासरत हैं उनका यह संकल्प प्रदेश में जारी है हमारा प्रदेश इस बीमारी से आने वाले समय में पूरी तरह मुक्त होगा।

### राज्यपाल का आगमन सभी में भर देता है उत्साह : टेकाम

स्वागत उद्बोधन देते हुए विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि ग्राम स्तर पर राज्यपाल जी का आगमन सभी में उत्साह भर देता है। इस अंचल में जनजातीय वर्ग को शासन की सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने अपील की है कि सभी सिकल सेल एनीमिया की जांच अवश्य कराये।

### राज्यपाल ने हितलाभ का किया वितरण

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने जनजातीय संवाद कार्यक्रम में विभिन्न विभागों से लाभान्वित हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया। उन्होंने शशि बैगा को प्रधानमंत्री आवास का स्वीकृति प्रमाण पत्र, अमजीत सिंह को लाडली लक्ष्मी योजना का प्रमाण पत्र तथा खुशबू बैगा को जाति प्रमाण पत्र वितरित किये। इस क्रम में प्रमिला सिंह राज्य अजीविका मिशन से 6 लाख रुपए के ऋण तथा संतोष श्रीवास्तव को सिकल सेल उपचार प्रमाण पत्र राज्यपाल द्वारा वितरित किए गये।

### प्रदर्शनी का किया अवलोकन

राज्यपाल ने कार्यक्रम स्थल में मध्य प्रदेश डे आजीविका मिशन द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में स्वसहायता समूह की महिलाओं में हर्बल अबीर, गुलाल, महुआ के लड्डू तथा मूर्तियां आदि प्रदर्शित की। राज्यपाल ने महिलाओं के कार्यों की प्रशंसा की तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाएं गए स्वास्थ्य शिविर का अवलोकन किया।

# राज्यपाल ने सत्यसांई आश्रम में किया पौधरोपण



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 26 फरवरी। म.प्र. के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 25-26 फरवरी को अपने सीधी जिले के दो दिवसीय प्रवास के दौरान परसिली स्थित सत्यसाई आश्रम में वृक्षारोपण किया।**

राज्यपाल ने स्वयं पौधा लगाकर क्षेत्र की हरियाली और पारिस्थितिक तंत्र को मजबूत करने की पहल की। राज्यपाल ने आश्रम परिसर में पौधा रोपकर आम जनमानस को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष धरा के आभूषण हैं और प्रकृति के संतुलन के लिए पौधारोपण के साथ-साथ उनकी देखभाल करना भी प्रत्येक नागरिक का नैतिक कर्तव्य है। उन्होंने आमजनों को जीवन के विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा लगाने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने आश्रम में मौजूद बच्चों और स्थानीय नागरिकों से सीधा संवाद किया। उन्होंने शिक्षा को समाज की उन्नति का आधार स्तंभ बताया। शिक्षा ही एक अच्छे और विकसित समाज की असली पहचान है। समाज के सर्वांगीण विकास के लिए बच्चों की शिक्षा आवश्यक है। स्थानीय जनजातीय और ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्यपाल ने नागरिकों को अपनी पारम्परिक कला और पेंटिंग को सहेजने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि अपनी सांस्कृतिक विरासत को आजीविका का साधन बनाकर ग्रामीण अर्थव्यवस्था और भविष्य, दोनों को सुरक्षित करें।

इस अवसर पर सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी, पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी, भाजपा जिलाध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# भाजपा का संगठन, कार्यकर्ता, विचारधारा और कार्य पद्धति दुनिया में सर्वोत्तम : विजय

▶ भाजपा का प्रशिक्षण संगठन महा अभियान आयोजित




**नवभारत न्यूज**

**सीधी 26 फरवरी। भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित राजनीतिक दल है। हमारा संगठन, कार्यकर्ता, हमारी विचारधारा और हमारी कार्य पद्धति दुनिया के अन्य राजनीतिक दलों से हमें अलग रखती है। हम भारतीय संस्कृति और राष्ट्रवाद की संकल्पना पर कार्य करते हैं। भाजपा ही आगे आने वाले समय में दुनिया का नेतृत्व करते हुए मानव जीवन की अद्भुत संकल्पना की राह दिखाएगा।**

उक्त आशय के विचार भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण महा अभियान के प्रदेश प्रभारी और रीवा संभाग के संभागीय संगठन प्रभारी विचारक और लेखक विजय दुबे ने प्रशिक्षण महा अभियान की जिला स्तरीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान की अध्यक्षता एवं जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी, लोकसभा सांसद डॉ.राजेश मिश्रा, धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम एवं प्रशिक्षण अभियान के सह संभागीय प्रभारी केके तिवारी की विशिष्ट उपस्थिति में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। संभागीय संगठन प्रभारी श्री दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। इस नाते हम सभी कार्यकर्ताओं की समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेवारी भी बड़ी बनती है। प्रशिक्षण कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व एवं कला कौशल निकाल निखारने का साधन है। भाजपा जिला अध्यक्ष देव कुमार सिंह चौहान ने कहा कि हम सभी पार्टी के जिम्मेवार कार्यकर्ता हैं। अपने व्यक्तिगत हितों को त्याग कर राष्ट्रीय हितो के मद्देनजर भारत माता को परम वैभव पर पहुंचने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कार्य करना चाहिए। पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेवारियों का निष्ठा पूर्वक निर्वाण करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करें।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुरेंद्रमणि दुबे ने पीपीटी के माध्यम से संघ की पंच निष्ठाएं और नवाचार विषय पर विस्तार से विषय का प्रतिपादन किया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री लोरिक प्रसाद यादव और आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष टोली की सदस्य डॉ.मनीला सिंह चौहान ने किया। अभियान टोली के सदस्य जिला उपाध्यक्ष अखिलेश पाण्डेय, जिला महामंत्री अनिल पाण्डेय, जिला मंत्री गजराज सिंह चंदेल मंचासीन रहे। प्रशिक्षण अभियान में प्रमुख रूप से भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य इंद्रशरण सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह परिहार, पूर्व जिलाध्यक्ष लालचंद गुप्ता, डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, डॉ.यू.के. श्रीवास्तव, रामप्रसाद बैश्य, अशोक पटेल, विश्वबंधु धर द्विवेदी, उषा गोपाल पटेल, शिवदान साकेत सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### प्रशिक्षण से कार्यकर्ताओं में आएगा निखार : त्रिपाठी


वरिष्ठ नेता और जिले के जिला संगठन प्रभारी नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि कठोर अनुशासन युक्त प्रशिक्षण लेने के पश्चात हम सभी के व्यक्तित्व में निखार आएगा और पार्टी की कार्य पद्धति कार्यक्रम और योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त होगी, जो आप सभी के लिए पाथेय साबित होगी।

## एक नजर में

### कन्या महाविद्यालय में सेमिनार का हुआ आयोजन



**सीधी।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीधी में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से वर्तमान बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत के समक्ष चुनौतियां और उसका समाधान विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का समापन बुधवार 25 फरवरी 2026 को संपन्न हुआ। सेमिनार में विभिन्न राज्यों से आए प्राध्यापकों, सहायक प्राध्यापकों, शोधार्थियों एवं छात्राओं ने समकालीन वैश्विक विषयों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। 24 फरवरी 2026 को सेमिनार का उद्घाटन मुख्य अतिथि डॉ.प्रभाकर सिंह प्राचार्य शासकीय संजय गांधी स्मृति महाविद्यालय सीधी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत केवल सहभागी राष्ट्र नहीं, बल्कि नेतृत्वकर्ता की भूमिका में उभर रहा है। आत्मनिर्भरता, तकनीकी नवाचार और संतुलित विदेश नीति भारत को विश्व मंच पर सशक्त बनाएगी।



### दो हितग्राहियों के परिजनों को आर्थिक सहायता

**सीधी।** अग्रणी जिला प्रबंधक ने कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना अंतर्गत 25 फरवरी 2026 को यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की शाखा हिनौती के शाखा प्रबंधक वरुण त्रिपाठी द्वारा ग्राहक सेवा की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। शाखा के ग्राहक छोटे लाल साहू के निधन उपरांत उनकी नामिनी राजकुमारी साहू को 2 लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। इसी प्रकार, दूसरे ग्राहक मिथिला सेन की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात उनकी नामिनी सुनीता सेन को भी 2 लाख रुपए की बीमा राशि का चेक सौंपा गया। चेक वितरण के दौरान अग्रणी जिला प्रबंधक अवध बिहारी चौधरी, आरसेटीआई निर्देशक शिवेन्द्र चौधरी, कुचवाही शाखा प्रबंधक अमित, एनआरएलएम अधिकारी अजय सिंह एवं उद्यानिकी विभाग से शिवेन्द्र पटेल की गरिमामयी उपस्थिति रही। अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक ए.बी.चौधरी ने शाखा प्रबंधक वरुण त्रिपाठी को ग्राहक सेवा में तत्परता एवं कर्मनिष्ठा के लिए सम्मानित करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बैगा प्रोजेक्ट में सीधी जिले को जोड़ने सरकार को निर्देशित करें राज्यपाल : ज्ञान



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 26 फरवरी। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञान सिंह ने सीधी जिले के भ्रमण पर पधारे प्रदेश के राज्यपाल से आग्रह किया है कि वे प्रदेश सरकार को निर्देशित कर सीधी जिले को शीघ्र ही बैगा प्रोजेक्ट से जोड़े जाने की पहल करें।**

उन्होंने कहा कि सीधी जिला आदिवासी बहुल क्षेत्र है जहां बड़ी संख्या में हमारे आदिवासी भाई-बहन निवास करते हैं, जिनमें बैगा जनजाति की उल्लेखनीय भागीदारी है। इसके बावजूद प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा जिले की लगातार उपेक्षा की जा रही है जिससे बैगा समाज अपने अधिकारों से वंचित हो रहा है। ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लंबे समय से बैगा समाज के अधिकारों की रक्षा और उनके समग्र विकास के लिए संघर्षरत है। पार्टी द्वारा समय-समय पर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपे गए, धरना.प्रदर्शन किए गए तथा विभिन्न लोकतांत्रिक माध्यमों से बैगा प्रोजेक्ट की मांग उठाई जाती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अनदेखी के कारण सीधी जिले के बैगा समाज को वह सुविधाएं और योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है जिसके वे वास्तविक हकदार हैं।

आगे कहा कि आज मझौली विकासखंड में राज्यपाल द्वारा बैगा जनजाति के प्रतिनिधियों से भेंट कर उनकी समस्याओं को सुना जाना एक सकारात्मक पहल है। उन्हें जानकारी मिली है कि बैगा समाज के भाइयों ने अपने अधिकारों और बैगा प्रोजेक्ट की मांग को सीधे महामहिम के समक्ष रखा है। यह स्वागत योग्य कदम है और इससे समाज में नई आशा जगी है।

ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी बैगा समाज की हर जायज मांग के साथ खड़ी है और उनका पूर्ण समर्थन करती है। हम राज्यपाल से निवेदन करते हैं कि वे प्रदेश की भाजपा सरकार को तत्काल निर्देशित करें कि सीधी जिले को बैगा प्रोजेक्ट से जोड़ा जाए ताकि शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाओं का समुचित लाभ बैगा समाज को मिल सके। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि महामहिम राज्यपाल संवैधानिक दायित्वों के अनुरूप आदिवासी समुदाय के हितों की रक्षा हेतु आवश्यक पहल करेंगे। ज्ञान सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को भी पूर्ण विश्वास है कि शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय लेकर जिले को बैगा प्रोजेक्ट का लाभ दिलाया जाएगा।

# गोपालदास महाराज की जयंती कल



**नवभारत न्यूज**

**सीधी 26 फरवरी। शहर के हृदय स्थल में बने अध्यात्म रामायण मंदिर मणिकूट आश्रम में 28 फरवरी 2026 दिन शनिवार को स्वामी श्री गोपालदास महाराज का 103वीं जयंती के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया है।**

जहां सर्वप्रथम गुरु सरिका का पाठ, भजन-कीर्तन, हवन आदि करके बड़े धूमधाम से प्रेम भाव से महाराज श्री का पूजन-अर्चन किया जाना है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शहर के अलावा ग्रामीण अंचल के शिष्यों अनुयायियों से अपील करते हुए आध्यात्म रामायण मंदिर पुजारी संत शत्रुघ्न दास ने कहा है कि भंडारे में सहयोग एवं कार्यक्रम में सम्मिलित हों।

महाराज जी ने कहा कि सद्गुरु की सेवा पूजा सर्व विधि से श्री गुरु चरण में समर्पित जीवन ही मुक्ति मार्ग का सच्चा साधक जीवन है सद्गुरु कृपा से ही परम प्रभु परमेश्वर की प्राप्ति होती है। अत: कार्यक्रम को संपन्न कराये एवं अपने जीवन को कृतार्थ करें।

# उर्मिलेश्वर धाम में श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र के साथ रासलीला का समापन

## हजारों भक्तों ने उर्मिलेश्वर धाम में ग्रहण किये भंडारे का प्रसाद, श्रीरामकृष्ण लीला प्रचार मंडल वृंदावन के द्वारा रासलीला की प्रस्तुति







**नवभारत न्यूज**

**सीधी 26 फरवरी। उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पड़रा में दण्डी स्वामी निर्भयानंद सरस्वती के सानिध्य में वरिष्ठ समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के सौजन्य से आठ दिवसीय श्री राधाकृष्ण रासलीला का श्रीकृष्ण-सुदामा के चरित्र के साथ भव्य समापन हुआ।**

लीला के समापन अवसर डॉ.राजेश मिश्रा सांसद सीधी, अंजूलता पटले पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त जबलपुर, श्रीमती बबिता खरे सीएमएचओ सीधी, डॉ.एस.बी.खरे, विनय कुमार सिंह परिहार, अखिलेश पाण्डेय ने युगल सरकार की आरती कर आशीर्वाद लिये। बुधवार को रासलीला का शुभारंभ श्री राधाकृष्ण की निकुंज लीला से किया गया। श्री रामकृष्ण लीला प्रचार मंडल के व्यास स्वामी बृजेश शर्मा ने हरिभक्तों के पदों का गायन कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। तत्पश्चात लीला में श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र का विस्तार से मंचन किया गया। सुदामा, श्रीकृष्ण के बचपन के निर्धन मित्र थे। पत्नी के आग्रह पर वे द्वारका गए और पोटली में केवल चिउड़े (पोहे) ले गए, जिसे कृष्ण ने बड़े प्रेम से खाया। कृष्ण ने बिन मांगे ही सुदामा की दरिद्रता दूर कर उन्हें राजसी सुख प्रदान किया। सुदामा और कृष्ण ने सांदीपनी ऋषि के गुरुकुल में साथ शिक्षा प्राप्त की थी। सुदामा अत्यंत निर्धन थे और परिवार का पालन-पोषण मुश्किल से करते थे। पत्नी के कहने पर सुदामा अपने मित्र कृष्ण से मिलने द्वारका गए। सुदामा के फटे वस्त्र और दीनता देखकर कृष्ण भावुक हो गए और उन्होंने अपने आंसुओं से मित्र के चरण धोए। सुदामा संकोचवश कुछ नहीं मांग पाए लेकिन कृष्ण ने अंतर्यामी होकर उनकी बिना कही स्थिति भांप ली। जब सुदामा घर लौटे, तो उनकी झोपड़ी की जगह एक सुंदर महल था। यह कृष्ण द्वारा बिना मांगे दी गई विपुल संपत्ति थी। भगवान द्वारिकाधीश ने अपने निर्धन मित्र सुदामा को दो लोको का सुख और वैभव देकर निहाल कर दिये।

उक्त रासलीला में ठाकुर जी श्रीकृष्ण की भूमिका दीपेश शर्मा, श्रीजी की भूमिका गोविंद शर्मा, श्रीजी की अष्ट सखियों की भूमिका में करण शर्मा, नैतिक शर्मा, रवि शर्मा, राजू शर्मा, देव कुमार शर्मा, रामवीर शर्मा ने मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कान्हा जी दिगंबर शर्मा, हरीष शर्मा, छोटू मिश्रा, ऋषि मिश्रा द्वारा अभिनय किया गया।

### विशाल भंडारे का हुआ आयोजन

दण्डी स्वामी निर्भयानंद सरस्वती महराज के परम सानिध्य में समाजसेवी विनय कुमार सिंह परिहार के द्वारा भगवान भोलेनाथ, कलयुग के राजा बजरंगबली जी एवं मां भवानी की प्रतिमा के स्थापना के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन उर्मिलेश्वर धाम तिलक नगर पड़रा में किया गया। जिसमें हजारों भक्त गणों ने प्रसाद ग्रहण किया।